*** निर्देशानुसार ' विशेषण ' पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों में से उचित विकल्प चयन कर लिखिए :** [6]

1. लोग

**जवाब :** भारतीय – लोग

2. प्रचार

**जवाब :** व्यापक – प्रचार

3. पैमाने

**जवाब :** छोटे – पैमाने

4. सितारा

**जवाब :** बूबसूरत – सितारा

5. जंगल

**जवाब :** बड़ा – जंगल

6. घंटे

**जवाब :** पाँच – घंटे

*** निम्नलिखित में मूलशब्द और प्रत्यय बताइए** [6]

7. पर्यटकों

**जवाब :** पर्यटक

8. दौड़ना

**जवाब :** दौड़ – ओं

9. ठहरना

**जवाब :** उहर – ना

10. उड़ान

**जवाब :** उड़ – ना

11. भारतीय

**जवाब :** भारत – आन

12. संस्कृति

**जवाब :** संस्कृत – ईय

*** MCQ** [18]

13. लेखक नैरोबी से मॉरिशस किस जहाज़ से उड़े ?

(A) एयर इंडिया (B) बी.ओ.ए.सी.

(C) इंडियन एयरलाइंस (D) वायुसेना

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**जवाब :** (ख) बी.ओ.ए.सी.

14. मॉरिशस की लंबाई और चौड़ाई कितनी है ?

    (A) 29 मील और चौड़ाई 30 मील

    (B) 20 मील और चौड़ाई 30 मील

    (C) 15 मील और चौड़ाई 25 मील

    (D) 35 मील और चौड़ाई 20 मील

**जवाब :** (क) 29 मील और चौड़ाई 30 मील

15. मॉरिशस द्वीप का रकबा कितना है ?

    (A) 570 वर्ग मील (B) 350 वर्ग मील

    (C) 721 वर्ग मील (D) 720 वर्ग मील

**जवाब :** (घ) 720 वर्ग मील

16. मॉरिशस के सभी भारतीय कौन-सी भाषा बोलते हैं।

    (A) भोजपुरी (B) अवधी (C) हिंदी (D) मराठी

**जवाब :** (क) भोजपुरी

17. लेखक ने नैरोबी में कितने दिन और रातें बिताइ?

    (A) एक रात और दो दिन (B) दो राते और एक दिन

    (C) तीन रातें और दो दिन (D) एक दिन और एक रात्त

**जवाब:** (A) एक रात और दो दिन

18. नैरोबी का नेशनल पार्क कैसा है?

    (A) चिड़ियाघर (B) बहुत बड़ा जंगल (C) वन्यजीव आरक्षित क्षेत्र (D) खेल का मैदान

**जवाब :** (B) बहुत बड़ा जंगल

19. लेखक और उनके साथी ने कितने शेरों को आराम करते देखा?

    (A) चार-पाँच (B) सात्त-आठ (C) दस-बारह (D) दो-तीन

**जवाब :** (B) सात्त-आठ

20. शेरों के पास कितनी मोटरें खड़ी थीं?

    (A) चार-पाँच (B) आठ-दस (C) छ:-सात (D) दस-बारह

**जवाब :** (B) आठ-दस

21. शेर किस समय शिकार करते हैं?

    (A) सुबह (B) दोपहर (C) सूर्यास्त के बाद (D) रात

**जवाब :** (C) सूर्यास्त के बाद

22. हिरनों का झुंड क्यों चौकन्ना हो गया था?

    (A) क्योकि उन पर सिंहों की नज़र पड़ रही थी (B) क्योंकि वे भागना चाहते थे

    (C) क्योंकि वे चर रहे थे (D) क्योंकि जिराफ पास खड़ा था

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**जवाब:** (A) क्योकि उन पर सिंहों की नज़र पड़ रही थी

23. लेखक ने नैरोबी से मॉरिशस की यात्रा किस विमान सेवा से की?
(A) एयर इंडिया (B) बी.ओ.ए.सी. (C) केन्या एयरवेज़ (D) एयर मॉरिशस

**जवाब :** (B) बी.ओ.ए.सी.

24. लेखक के मॉरिशस पहुँचने पर मौसम कैसा था?
(A) साफ और धूप (B) बारिश और अँधेरा (C) बर्फबारी (D) ठंडी हवाएँ

**जवाब :** (B) बारिश और अँधेरा

25. मॉरिशस पहुँचने पर लेखक को कौन-सी भावना हुई?
(A) वे विदेशी धरती पर हैं (B) वे एक छोटे पैमाने पर भारत में हैं
(C) वे अफ्रीका में है (D) वे अज्ञात भूमि में हैं

**जवाब :** (B) वे एक छोटे पैमाने पर भारत में हैं

26. 'संसार पुस्तक है' पाठ के लेखक कौन हैं?
(A) प्रेमचंद (B) विनय महाजन
(C) पं. जवाहरलाल नेहरू (D) कृष्णा सोबती

**जवाब :** (C) पं. जवाहरलाल नेहरू

27. नेहरू जी ने यह पत्र किसको लिखा था?
(A) भारत के बच्चों को (B) अपनी पुत्री इंदिरा को
(C) भारत के साहित्यकारों को (D) धार्मिक नेताओं को

**जवाब :** (B) अपनी पुत्री इंदिरा को

28. लेखक के पत्रों का संकलन किस नाम से है?
(A) भारत एक खोज (B) संसार पुस्तक है
(C) संसार एक रंग-मंच (D) पिता के पत्र पुत्री के नाम

**जवाब :** (D) पिता के पत्र पुत्री के नाम

29. लेखक ने प्रकृति के अक्षर किसे कहा है?
(A) पहाड़ों को (B) नदी और मैदानों को
(C) पक्षियों और पेड़ों को (D) उपर्युक्त सभी

**जवाब :** (D) उपर्युक्त सभी

30. किसी भाषा को सीखने के लिए सबसे पहले क्या सीखना होता है?
(A) वर्ण (B) शब्द (C) वाक्य (D) शब्दांश

**जवाब :** (D) शब्दांश

*** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए** [5]

31. लेखक ने दिल्ली से 15 जुलाई को, बंबई (मुंबई) से 16 जुलाई को और नैरोबी से 17 जुलाई को ________ के लिए रवाना हुआ।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**जवाब :** मौरिशस

32. नैरोबी के नेशनल पार्क में घास अधिक है और ____________ बहुत कम हैं।

**जवाब :** पेड

33. नेशनल पार्क में शेरों को देखने के बाद लेखक ने महसूस किया कि वे ____________ हैं और शेरों की नज़र में तुच्छ हैं।

**जवाब :** पेड़्र-पौधे और खरपात से भी बदतर

34. शेरों ने लेखक और उनके साथियों की ओर कोई ____________ नहीं दी।

**जवाब :** ध्यान

35. हिरनों का झुंड शेरों की उपस्थिति से ____________ हो गया था।

**जवाब :** चौकन्ना

*** नीचे दिए गए कथनों में से सत्य या असत्य कथन की पहचान कीजिए।** [5]

36. नैरोबी का नेशनल पार्क एक बड़ा चिड़ियाघर है।

**जवाब :** असत्य

37. लेखक ने नैरोबी के नेशनल पार्क में शेरों को देखने के लिए बहुत दूर तक गाड़ी चलाई।

**जवाब :** सत्य

38. शेरों ने मोटरों में बैठे पर्यटकों को देखकर उत्सुकता दिखाई।

**जवाब :** असत्य

39. शेरों ने हिरनों के झुंड का शिकार किया।

**जवाब :** असत्य

40. मॉरिशस पहुँचने पर लेखक का स्वागत बहुत अच्छे से हुआ।

**जवाब :** सत्य

*** दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए :** [35]

41. हिरनों के झुंड ने ताड़ लिया कि उन पर सिंहों की नज़र पड़ रही है। अतएव वे चरना भूलकर चौकन्ने हो उठे। फिर ऐसा हुआ कि झुंड से छूटकर कुछ हिरन एक तरफ़ को भाग निकले, मगर बाकी जहाँ-के-तहाँ ठिठके खड़े रहे। बाकी हिरन ठिठके हुए इसलिए खड़े थे कि सिंह उन्हें देख रहे थे और सहज प्रवृत्ति हिरनों को यह समझा रही थी कि खतरा किसी भी तरफ भागने में हो सकता है। शिकार सिंह सूर्यास्त के बाद किया करते हैं और शिकार वे झुंड का नहीं करते, बल्कि उस जानवर का करते हैं जो भागते हुए झुंड से पिछड़ जाता है। अब यह बात समझ में आई कि हिरन भागने को निरापद नहीं समझकर एक गोल में क्यों खड़े थे।

**प्रश्न -**

(क) हिरनों के झुंड ने क्या किया ?

(ख) झुंड से छूटकर हिरनों ने क्या किया ?

(ग) सिंह शिकार कैसे करते हैं?

**जवाब :** (क) हिरनों के झुंड ने ताड़ लिया कि उन पर सिंहों की नज़र पड़ रही है।

(ख) झुंड से छूटकर कुछ हिरन एक तरफ को भाग निकले, मगर बाकी जहाँ के तहाँ ठिठके खड़े रहे।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(ग) सिंह शिकार सूर्यास्त के बाद किया करते हैं और शिकार वे झुंड का नहीं करते, बल्कि उस जानवर का करते हैं जो भागते हुए झुंड से पिछड़ जाता है।

42. मॉरिशस द्वीप भूमध्य रेखा से कोई बीस डिग्री दक्खिन और देशांतर रेखा 60 के बिल्कुल पास, किंतु उससे पच्छिम की ओर बसा हुआ है। मॉरिशस की लंबाई 29 मील और चौड़ाई कोई 30 मील है। वैसे पूरे मॉरिशस द्वीप का रकबा 720 वर्गमील आँका जाता है। यह द्वीप हिंद महासागर का मोती है, भारत – समुद्र का सबसे खूबसूरत सितारा है।

प्रश्न 1.मॉरिशस की लंबाई कितनी है?
(क) 35 मील
(ख) 29 मील
(ग) 40 मील
(घ) 50 मील

प्रश्न 2.मॉरिशस द्वीप का रकबा कितना आँका जाता है?
(क) 720 वर्गमील
(ख) 750 वर्गमील
(ग) 650 वर्गमील
(घ) 450 वर्गमील

प्रश्न 3.मॉरिशस द्वीप किस दिशा में बसा हुआ है?
(क) उत्तर
(ख) पूरब
(ग) पच्छिम
(घ) दक्खिन

**जवाब :** 1.(ख) 29 मील
2.(क) 720 वर्गमील
3.(ग) पच्छिम

43. मॉरिशस वह देश है, जिसका कोई भी हिस्सा समुद्र से पंद्रह मील से ज्यादा दूर नहीं है। मॉरिशस वह देश है, जहाँ की जनसंख्या के 67 प्रतिशत लोग भारतीय खानदान के हैं तथा जहाँ 53 प्रतिशत लोग हिंदू हैं। मॉरिशस वह देश है, जिसकी राजधानी पोर्टलुई की गलियों के नाम कलकत्ता, मद्रास, हैदराबाद और बम्बई हैं तथा जिसके एक पूरे मोहल्ले का नाम काशी है। मॉरिशस वह देश है, जहाँ बनारस भी है, गोकुल भी है और ब्रह्मस्थान भी। मॉरिशस वह देश है, जहाँ माध्यमिक स्कूलों को कॉलेज कहने का रिवाज़ है।
चूँकि मॉरिशस के हिंदुओं में से अधिकांश बिहार और उत्तर प्रदेश के लोग हैं, इसलिए हिंदी का मॉरिशस में व्यापक प्रचार है। मॉरिशस की राजभाषा अंग्रेज़ी, किंतु संस्कृति की भाषा फ्रेंच है। मगर जनता वहाँ क्रेयोल बोलती है।

प्रश्न 1.मॉरिशस समुद्र से कितने मील दूर है?
(क) पंद्रह मील
(ख) दस मील
(ग) आठ मील
(घ) बीस मील


Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

प्रश्न 2.मॉरिशस में भारत के लोगों की जनसंख्या कितने प्रतिशत है ?
(क) 50 प्रतिशत
(ख) 67 प्रतिशत
(ग) 40 प्रतिशत
(घ) 65 प्रतिशत

प्रश्न 3.मॉरिशस में कितने प्रतिशत हिंदू हैं ?
(क) 70 प्रतिशत
(ग) 45 प्रतिशत
(ख) 50 प्रतिशत
(घ) 53 प्रतिशत

प्रश्न 4.मॉरिशस में माध्यमिक स्कूलों को क्या कहने का रिवाज है?
(क) स्कूल
(ख) पाठशाला
(ग) कॉलेज
(घ) विद्यालय

**जवाब :** 1.(क) पंद्रह मील
2.(ख) 67 प्रतिशत
3.(घ) 53 प्रतिशत
4.(ग) कॉलेज

44. शिवरात्रि के समय सारे मॉरिशस के हिंदू श्वेत वस्त्र धारण करके कंधों पर काँवर लिए जुलूस बाँधकर परी तालाब पर आते हैं और परी – तालाब का जल भरकर अपने-अपने गाँव के शिवालय को लौट जाते हैं तथा शिवजी को जल चढ़ाकर अपने घरों में प्रवेश करते हैं। ये सारे कृत्य वे बड़ी ही भक्ति भावना और पवित्रता से करते हैं। सभी वयस्क लोग उस दिन उजली धोती, उजली कमीज़ और उजली गाँधी टोपी पहनते हैं। हाँ, बच्चे हाफ पैंट पहन सकते हैं, लेकिन गाँधी टोपी उस दिन उन्हें भी पहननी पड़ती है। परी – तालाब पर लगने वाला यह मेला मॉरिशस के प्रमुख आकर्षणों में से एक है और उसे देखने को अन्य धर्मों के लोग भी काफ़ी संख्या में आते हैं।

**प्रश्न-**
(क) मॉरिशस के हिंदू शिवरात्रि पर क्या करते हैं?
(ख) मॉरिशस के हिंदू शिवरात्रि पर क्या पहनते हैं।
(ग) परी – तालाब पर लगने वाला मेला कैसा होता है?

**जवाब :** (क) मॉरिशस के हिंदू शिवरात्रि पर श्वेत वस्त्र धारण करके कंधों पर काँवर लिए जुलूस बाँधकर परी – तालाब पर आते हैं और परी तालाब का जल भरकर अपने – अपने गाँव के शिवालय को लौट जाते हैं।
(ख) मॉरिशस के हिंदू शिवरात्रि के दिन उजली धोती, उजली कमीज और उजली गाँधी टोपी पहनते हैं।
(ग) परी – तालाब पर लगने वाला मेला मॉरिशस के प्रमुख आकर्षणों में से एक है और उसे देखने के लिए अन्य धर्मों के लोग भी काफी संख्या में आते हैं।

45. बड़ी दूरी तय करने के बाद या यों कहिए कि दस-बीस मील के भीतर हर सड़क छान लेने के बाद, हम उस जगह जा पहुँचे, जहाँ सिंह उस दिन आराम कर रहे थे। वहाँ जो कुछ देखा, वह जन्मभर कभी नहीं भूलेगा। कोई सात-आठ सिह लेटे या सोए हुए थे और उन्हें घेरकर आठ-दस मोटरें खड़ी थी। तुर्रा यह कि सिहों को यह जानने की


Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

कोई इच्छा ही नहीं थी कि हमें देखने को आने वाले लोग कौन हैं? मोटरों और शीशे चढ़ाकर उनके भीतर बैठे लोगों की ओर सिंहों ने कभी भी दृष्टिपात नहीं किया, मानो हम लोग तुच्छातितुच्छ हों और उनकी नज़र में आने के योग्य बिल्कुल नहीं हों। हम लोग वहाँ आधा घंटा ठहरे होंगे। इस बीच एक सिंह ने उठकर जम्हाई ली, दूसरे ने देह को ताना, मगर हमारी ओर किसी भी सिंह ने नज़र नहीं उठाई। हम लोग पेड़-पौधे और खरपात से भी बदतर समझे गए।

**QUESTION:**

Q.1. सिंहों ने मोटरों और उनके अंदर बैठे लोगों की ओर क्यों नहीं देखा?

(A) क्योकि वे बहुत थके हुए थे।

(B) क्योंकि उन्हें हमारे दर्शन में कोई रुचि नहीं. थी।

(C) क्योंकि वे भोजन की तलाश में थे।

(D) क्योंकि वे बीमार चे।

Q.2. लेखक ने सिंहों की स्थिति का वर्णन किस प्रकार किया है?

(A) सिंह बहुत सक्रिय और चंचल थे।

(B) सिंह आराम कर रहे थे और बिल्कुल निष्क्रिय चे।

(C) सिंह शिकार की तलाश में थे।

(D) सिंह जंगल में छिपे हुए थे।

Q.3. लेखक ने सिंहों की ओर किसी भी नज़र नहीं उठाने की स्थिति को किस रूप में व्यक्त किया?

(A) उन्हें तुच्छ समझना (B) उसकी लापरवाही (C) उनकी दयालुता (D) उनकी थकावट

Q.4. लेखक ने ऐसा क्यों कहा कि उसने जो कुछ देखा वह जन्मभर नहीं भूलेगा।

Q.5. सिंहों ने उन लोगों की ओर दृष्टिपात क्यों नहीं किया?

**जवाब :** 1. (B) क्योंकि उन्हें हमारे दर्शन में कोई रुचि नहीं धी।

2. (B) सिंह आराम कर रहे थे और बिल्कुल निष्क्रिय थे।

3. (A) उन्हे तुच्छ समझना

4. लेखक ने जब सात-आठ सिंह को विश्राम करते हुए देखा तो गह यह देखकर अचंभित हो गया। इस प्रकार इतने सिंहों को ऐसे विश्राभ करते उसने कभी नहीं देखा था।

5. सिंहों को यह जानने की कोई इच्छा ही नहीं थी कि हमें देखने के लिए आने वाले लोग कौन हैं, इसलिए सिंहों ने मोटर और शीशे चढ़ाकर उनके भीतर बैठे लोगों की ओर दृष्टिपात नहीं किया।

46. हिरनों के झुंड ने ताड़ लिया कि उन पर सिंहों की नज़र पड रही हैं। अतएव वे चरना भूलकर चौकन्ने हो उठे। फिर ऐसा हुआ कि झुंड से छुटकर कुछ हिरन एक तरफ़ को भाग निकले, मगर बाकी जहाँ-के-तहाँ ठिठके खड़े रहे। बाकी हिरन ठिठके हुए इसलिए खड़े थे कि सिंह उन्हें देख रहे थे और सहज प्रवृत्ति हिरनों को यह समझा रही थी कि खतरा किसी भी तरफ़ भागने में हो सकता है। शिकार सिंह सूर्यास्त के बाद किया करते हैं और शिकार वे झुंड का नही करते, बल्कि उस जानवर का करते हैं, जो भागते हुए झुंड से पिछड़ जाता है। अब यह बान समझ में आई कि हिरन भागने को निरापद नही समझकर एक गोल में क्यों खड़े थे।

**QUESTION:**

Q.1. हिरन चौकन्ने होकर क्या भूल गए?

(A) सोना (B) चरना (C) घूमना (D) देखना

Q.2. हिरनों ने क्यों ठिठके हुए खड़े रहने का फैसला किया?

(A) क्योंकि वे भूखे थे।

(B) क्योंकि वे सिंहों को देख रहे थे और समझ गए कि किसी भी दिशा में भागना सुरक्षित नहीं है।

(C) क्योंकि वे थक गए थे।

(D) क्योंकि वे शिकार के लिए तैयार थे।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

Q.3. सिंह अपना शिकार किसे बनाते हैं?
(A) झुंड के सभी हिरनों को
(B) झुंड के सभी सिंह को
(C) झुंड से पिछड़ने वाले हिरनों को
(D) उन हिरनों को जो खुद को छिपाते हैं
Q.4. हिरनों के झुंड ने सिंहों की नज़र से बचने के लिए क्या किया?
Q.5. सिंह किस शिकार करते हैं?

**जवाब :** 1. (B) चरना
2. (B)क्योंकि वे सिहों को देख रहे थे और समझ गए कि किसी भी दिशा में भागना सुरक्षित नहीं है।
3. (C) झुंड से पिछडने वाले हिरनों को
4. उन्होंने चौकन्ने होकर एक गोल (समूह) में खड़े रहने का फैसला किया।
बल्कि उन आनवरों का करते हैं, जो झुंड से पिछड जाते हैं।
5. सिंह सूर्यास्त बल्कि उन जानवरों का करते हैं, जो झुड से पिछड़ जाते हैं।

47. चूंकि मॉरिशस के हिंदुओं में से अधिकांश बिहार और उत्तर :प्रदेश के लोग हैं, इसलिए हिंदी का मॉरिशस में व्यापक प्रचार है। मॉरिशस की राजभाषा अंग्रेजी, कितु संस्कृति की भाषा फ्रेंच है। मगर जनता वहाँ क्रेयोल बोलती है। क्रेयोल का फ्रेंच से वही संबंध है, जो संबंध भोजपुरी का हिंदी से है। और क्रेयोल के बाद मॉरिशस की दूसरी जनभाषा भोजपुरी को ही मानना प ड़ेगा। प्रायः सभी भारतीय भोजपुरी बोलते अथवा उसे समझ लेते हैं। यहाँ तक कि भारतीयों के पड़ोस में रहने वाले चीनी भी भोजपुरी बख़ूबी बोल लेते है, किंतु मॉंशिस की भोजपुरी शाहाबाद या सारन की भोजपुरी नहीं है। उसमें फ्रेंच के इतने संज्ञापद घुस गए हैं कि आपको बार-बार शब्दों के अर्थ पूछने पड़ेंगे।

**QUESTION:**
Q.1. मॉरिशस में हिंदी का प्रचार क्यों है?
(A) क्योंकि वहाँ के अधिकांश लोग उत्तर :भारत से है।
(B) क्योंकि वहाँ की राजभाषा हिंदी है।
(C) क्योंकि वहाँ की संस्कृति में हिंदी महत्त्वपूर्ण है।
(D) क्योकि हिंदी स्कूलों में पढ़ाई जाती है।
Q.2. माँरिशस की राजभाषा क्या है?
(A) हिंदी (B) फ्रेंच (C) अंग्रेज़ी (D) क्रेयोल
Q.3. क्रेयोल और भोजपुरी के बीच क्या समानता है?
(A) क्रेयोल का संबंध भोजपुरी से है।
(B) क्रेयोल का संबंध हिंदी से है।
(C) क्रेयोल का संबंध फ्रेंच से है।
(D) क्रेयोल का संबंध अंग्रेजी से है।
Q.4. मॉरिशस में दूसरी प्रमुख जनभाषा कौन-सी है?
Q.5. क्रेयोल का फ्रेंच से क्या संबंध है?

**जवाब :** 1. (A) क्योंकि वहाँ के अधिकांश लोग उत्तर :भारत से हैं।
2. (C) अंग्रेज़ी
3. (C) क्रेयोल का संबंध फेंच से है।
4. मॉरिशस में दूसरी प्रमुख जनभाषा भोजपुरी है।
5. क्रेयोल का फ्रेंच से वही संबंध है, जो भोजपुरी का हिंदी से है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## * निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ( 2 Mark ) [30]

48. लेखक ने नेशनल पार्क पहुँचने पर क्या देखा ?

**जवाब :** लेखक ने नेशनल पार्क पहुँचने पर देखा कि कोई सात-आठ सिंह लेटे या सोए हुए थे और उन्हें घेरकर आठ-दस मोटरें खड़ी थीं। तुर्रा यह कि सिंहों को पहचानने की कोई इच्छा ही नहीं थी कि हमें देखने को आने वाले लोग कौन हैं ? लेखक वहाँ आधा घंटा ठहरा था। इस बीच एक सिंह ने उठकर जम्हाई ली, दूसरे ने देह को ताना, मगर हमारी ओर किसी भी सिंह ने नज़र नहीं उठाई।

49. लेखक ने मील-भर की दूरी पर क्या देखा?

**जवाब :** लेखक ने मील-भर की दूरी पर हिरनों का झुंड देखा जिनके बीच एक जिराफ़ बिल्कुल बेवकूफ़ की तरह खड़ा था। अब दो जवान सिंह उठे और दो ओर चल दिए । एक तो थोड़ा-सा आगे बढ़कर एक जगह बैठ गया। लेकिन दूसरा घास के बीच छिपता हुआ मोर्चे पर आगे बढ़ने लगा ।

50. हिरनों के झुंड ने क्या ताड़ लिया?

**जवाब :** हिरनों के झुंड ने ताड़ लिया कि उन पर सिंहों की नज़र पड़ रही है। अत: हिरनों ने चरना भूलकर चौकन्ने हो उठे। फिर ऐसा हुआ कि झुंड से छूटकर कुछ हिरन एक तरफ़ को भाग निकले, मगर बाकी जहाँ-के-तहाँ ठिठके खड़े रहे। शेष हिरन ठिठके हुए इसलिए खड़े थे कि सिंह उन्हें देख रहे थे और सहज प्रवृत्ति हिरनों को यह समझा रही थी कि खतरा किसी भी तरफ़ भागने में हो सकता है।

51. लेखक की नैरोबी से मॉरिशस तक की यात्रा कैसी रही?

**जवाब :** नैरोबी से मॉरिशस तक लेखक बी.ओ.ए.सी. के जहाज़ में उड़े। जहाज़ नैरोबी से चार बजे शाम को उड़ा और पाँच घंटों की निरंतर उड़ान के बाद जब वह मॉरिशस पहुँचा, तब वहाँ रात के लगभग दस बज रहे थे। रात थी, अँधेरा था, पानी बरस रहा था। लेखक के स्वागत में बहुत लोग खड़े थे।

52. मॉरिशस द्वीप कहाँ बसा है? उसकी लंबाई-चौड़ाई कितनी है?

**जवाब :** मॉरिशस द्वीप भूमध्य रेखा से कोई बीस डिग्री दक्खिन और देशांतर रेखा 60 के बिल्कुल पास, किंतु उससे पच्छिम की ओर बसा हुआ है। मॉरिशस की लंबाई 29 मील और चौड़ाई कोई 30 मील है। वैसे पूरे मॉरिशस द्वीप का रकबा 720 वर्ग मील आँका जाता है। यह द्वीप हिंद महासागर का मोती है, भारत – समुद्र का सबसे खूबसूरत सितारा है।

53. मॉरिशस के हिंदू शिवरात्रि पर क्या करते हैं?

**जवाब :** शिवरात्रि के समय सारे मॉरिशस के हिंदू श्वेत- – वस्त्र धारण करके कंधों पर काँवर लिए जुलूस बाँधकर परी तालाब पर आते हैं और परी – तालाब का जल भरकर अपने-अपने गाँव के शिवालय को लौटे जाते हैं। तथा शिवजी को जल चढ़ाकर अपने घरों में प्रवेश करते हैं। ये सारे कृत्य वे बड़ी ही भक्ति भावना और पवित्रता से करते हैं। सभी वयस्क लोग उस दिन उजली धोती, उजली कमीज़ और उजली गाँधी टोपी पहनते हैं।

54. महाशिवरात्रि को लेकर भगवान शिव से जुड़ी मान्यता आपके अनुसार क्या है ?

**जवाब :** शिवरात्रि के संबंध में ऐसा माना जाता है इस विशेष दिन ही ब्रह्मा के रूद्र रूप में मध्य रात्रि को भगवान शंकर का अवतरण हुआ था। वहीं यह भी मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव ने तांडव कर अपना तीसरा नेत्र खोला था और ब्रह्मांड को इस नेत्र की ज्वाला से समाप्त किया।

55. जब तुम मेरे साथ रहती हो तो अकसर मुझसे बहुत-सी बातें पूछा करती हो और मैं उनका जवाब देने की कोशिश करता हूँ, लेकिन अब, जब तुम मसूरी में हो और मैं इलाहाबाद में, हम दोनों उस तरह बातचीत नहीं कर सकते। इसलिए मैंने इरादा किया है कि कभी-कभी तुम्हें इस दुनिया की और उन छोटे-बड़े देशों की जो इस दुनिया में हैं, छोटी-छोटी कथाएँ लिखा करूँ।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

QUESTION:

Q.1. इस पाठ के लेखक हैं

(A) महात्मा गांधी (B) सुमित्रानंदन पंत (C) नेहरू जी (D) इंदिरा गांधी

Q.2. ऊपर लिखे गद्यांशों में 'तुम' का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

(A) इंदिरा गांधी के लिए (B) महादेवी वर्मा के लिए (C) सुभद्रा कुमारी चौहान (D) स्वयं लेखक ने अपने लिए

**जवाब :** 1. (C) नेहरू जी

2. (A) इंदिरा गांधी के लिए

56. यह तो तुम जानती ही हो कि यह धरती लाखों-करोड़ों वर्ष पुरानी है और बहुत दिनों तक इसमें कोई आदमी न था। आदमियों से पहले सिर्फ जानवर थे और जानवरों से पहले एक ऐसा समय था जब इस धरती पर कोई जानदार चीज़ न थी। आज जब यह दुनिया हर तरह के जानवरों और आदमियों से भरी हुई है, उस ज़माने का ख्याल करना भी मुश्किल है, जब यहाँ कुछ न था।

QUESTION:

Q.1. यह धरती कितनी पुरानी है?

(A) पच्चीस हज़ार वर्ष (B) पचास हज़ार वर्ष (C) एक करोड़ वर्ष (D) लाखों करोड़ों वर्ष

Q.2. यह धरती पहले कैसी थी?

(A) बेहद सर्द (B) बेहद गरम (C) पानी से भरी (D) कठोर

**जवाब :** 1. (D) लाखों करोड़ों वर्ष

2. (B) बेहद गरम

57. लेकिन जो कहानी किसी बात को देखे बिना ही गढ़ ली जाए वह ठीक कैसे हो सकती है? लेकिन खुशी की बात है कि उस पुराने जमाने की लिखी हुई किताबें न होने पर भी कुछ ऐसी चीजें हैं, जिनसे हमें उतनी ही बातें मालूम होती हैं जितनी किसी किताब से होतीं। ये पहाड़, समुद्र, सितारे, नदियाँ, जंगल, जानवरों की पुरानी हड्डियाँ और इसी तरह की और भी कितनी ही चीजें हैं, जिनसे हमें दुनिया का पुराना हाल मालूम हो सकता है। मगर हाल जानने का असली तरीका यह नहीं है कि हम केवल दूसरों की लिखी हुई किताबें पढ़ लें बल्कि खुद संसार-रूपी पुस्तक को पढ़ें। मुझे आशा है कि पत्थरों और पहाड़ों को पढ़कर तुम थोड़े ही दिनों में उनका हाल जानना सीख जाओगी। सोचो, कितनी मज़े की बात है। एक छोटा-सा रोड़ा जिसे तुम सड़क पर या पहाड़ के नीचे पड़ा हुआ देखती हो, शायद संसार की पुस्तक का छोटा-सा पृष्ठ हो, शायद उससे तुम्हें कोई नई बात मालूम हो जाए। शर्त यही है कि तुम्हें उसे पढ़ना आता हो।

QUESTION:

Q.1. इस पाठ के लेखक हैं

(A) साहिर लुधियानवी (B) सुंदरा रामस्वामी (C) जवाहर लाल नेहरू (D) विष्णु प्रभाकर

Q.2. बिना किसी को देखे गढ़ी गई कहानी कैसी होती है?

(A) सत्य (B) काल्पनिक (C) झूठी (D) यथार्थ

**जवाब :** 1. (D) विष्णु प्रभाकर

2. (B) काल्पनिक

58. कोई ज़बान, उर्दू, हिंदी या अंग्रेजी सीखने के लिए तुम्हें उसके अक्षर सीखने होते हैं। इसी तरह पहले तुम्हें प्रकृति के अक्षर पढ़ने पड़ेंगे, तभी तुम उसकी कहानी उसके पत्थरों और चट्टानों की किताब से पढ़ सकोगी। शायद अब भी तुम उसे थोड़ा-थोड़ा पढ़ना जानती हो। जब तुम कोई छोटा-सा गोल चमकीला रोड़ा देखती हो, तो क्या वह तुम्हें कुछ नहीं बतलाता? यह कैसे गोल, चिकना और चमकीला हो गया और उसके खुरदरे किनारे या कोने क्या हुए?

QUESTION:

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

Q.1. किसी भी भाषा को सीखने के लिए क्या सीखना पड़ता है?
(A) वाक्य (B) अक्षर (C) शब्द (D) व्याकरण
Q.2. प्रकृति के अक्षर हमें कहाँ से मिलते हैं?
(A) पुस्तकों से (B) पत्थरों और चट्टानों से (C) वृक्षों से (D) उपर्युक्त सभी

**जवाब :** 1. (B) अक्षर
2. (B) पत्थरों और चट्टानों से

59. इसलिए मैंने इरादा किया है कि कभी-कभी तुम्हें इस दुनिया की और उन छोटे-बड़े देशों की जो इस दुनिया में हैं, छोटी-छोटी कथाएँ लिखा करूँ। तुमने हिंदुस्तान और इंग्लैड का कुछ हाल इतिहास में पढ़ा है लेकिन इंग्लैंड केवल एक छोटा-सा टापू है और हिंदुस्तान, जो एक बहुत बड़ा देश है, फिर भी दुनिया का एक छोटा-सा हिस्सा है। अगर तुम्हें इस दुनिया का कुछ हाल जानने का शौक है, तो तुम्हें सब देशों का और उन सब जातियों का जो इसमें बसी हुई हैं, ध्यान रखना पड़ेगा, केवल उस एक छोटे-से देश का नहीं जिसमें तुम पैदा हुई हो।

**QUESTION:**

Q.1. पाठ और लेखक का नाम लिखिए।
Q.2. यह बात कौन, किसको लिख रहा है?

**जवाब :** 1. पाठ का नाम-संसार पुस्तक है लेखक का नाम-जवाहरलाल नेहरू
2. यह बात लेखक पं० जवाहरलाल नेहरू अपनी पुत्री इंदिरा को इलाहाबाद से लिख रहे हैं।

60. मुझे मालूम है कि इन छोटे-छोटे खतों में बहुत थोड़ी-सी बातें ही बतला सकता हूँ लेकिन मुझे आशा है कि इन थोड़ी-सी बातों को भी तुम शौक से पढ़ोगी और समझोगी कि दुनिया एक है और दूसरे लोग जो इसमें आबाद हैं, हमारे भाई-बहन हैं। जब तुम बड़ी हो जाओगी तो तुम दुनिया और उसके आदमियों का हाल मोटी-मोटी किताबों में पढोगी। उसमें तुम्हें जितना आनंद मिलेगा, उतना किसी कहानी या उपन्यास में भी न मिला होगा।

**QUESTION:**

Q.1. किसे, क्या मालूम है?
Q.2. छोटे-छोटे पत्र किसके द्वारा किसे लिखा जा रहा है?

**जवाब :** 1. लेखक को यह मालूम है कि छोटे-छोटे पत्रों में थोड़ी-सी बातें बताई जा सकती हैं।
2. छोटे-छोटे पत्र पिता जवाहरलाल नेहरू द्वारा अपनी पुत्री इंदिरा को लिखा जा रहा है।

61. मगर हाल जानने का असली तरीका यह नहीं है कि हम केवल दूसरों की लिखी हुई किताबें पढ़ लें, बल्कि खुद संसार-रूपी पुस्तक को पढ़ें। मुझे आशा है कि पत्थरों और पहाड़ों को पढ़कर तुम थोड़े ही दिनों में उनका हाल जानना सीख जाओगी। सोचो, कितनी मज़े की बात है। एक छोटा-सा रोड़ा जिसे तुम सड़क पर या पहाड़ के नीचे पड़ा हुआ देखती हो, शायद संसार की पुस्तक का छोटा-सा पृष्ठ हो, शायद उससे तुम्हें कोई नई बात मालूम हो जाए। शर्त यही है कि तुम्हें उसे पढ़ना आता हो।

**QUESTION:**

Q.1. संसार को पुस्तक क्यों कहा गया है?
Q.2. संसार का हाल जानने का असली तरीका कौन-सा है?

**जवाब :** 1. संसार को पुस्तक इसलिए कहा गया है, क्योंकि संसार की प्रत्येक छोटी-बड़ी चीज़ ज्ञान से भरी है। बस उसे पढ़ने की आवश्यकता है।
2. लेखक का विचार है कि दूसरों की लिखी किताबों से संसार का हाल नहीं जाना जा सकता। हाल जानने का असली तरीका है, स्वयं संसार रूपी पुस्तक को पढ़कर ही हाल जाना जा सकता है।

62. जब तुम कोई छोटा-सा गोल चमकीला रोड़ा देखती हो, तो क्या वह तुम्हें कुछ नहीं बतलाया? यह कैसे गोल, चिकना और चमकीला हो गया और उसके खुरदरे किनारे या कोने क्या हुए? अगर तुम किसी बड़ी चट्टान को

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

तोड़कर टुकड़े-टुकड़े कर डालो तो हर एक टुकड़ा खुरदरा और नोकीला होगा। यह गोल चिकने रोड़े की तरह बिलकुल नहीं होता। फिर यह रोड़ा कैसे इतना चमकीला, चिकना और गोल हो गया? अगर तुम्हारी आँखें देखें और कान सुनें तो तुम उसी के मुँह से उसकी कहानी सुन सकती हो। वह तुमसे कहेगा कि एक समय, जिसे शायद बहुत दिन गुज़रे हों, वह भी एक चट्टान का टुकड़ा था।

**QUESTION:**

Q.1.किसी छोटे-से चमकीले रोड़े से क्या पता चलता है?

Q.2. छोटे-से गोल, चमकीले रोड़े की कहानी जानने के लिए क्या आवश्यक है?

**जवाब :** 1. किसी छोटे से चमकीले रोड़े से पता चलता है कि वह भी कभी चट्टान का टुकड़ा था। धीरे-धीरे उसके रूप में परिवर्तन हुआ और वह गोल, चमकीला एवं चिकना हो गया।

2. छोटे-से गोल, चमकीले रोड़े की कहानी जानने के लिए आवश्यक है कि हमारी आँखें उसे अच्छी तरह से देखने में समर्थ हो, कान उसकी कहानी सुन सके। संभव हो तो पत्थर (रोड़े) के मुँह से उसकी कहानी सुनी जा सकती है।

* **प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए (1 Mark)** [2]

63. 'हिंद महासागर में छोटा-सा हिंदुस्तान' पाठ के लेखक की यात्रा कब और कहाँ से कहाँ के लिए शुरू हुई ?

**जवाब :** पाठ के लेखक की यात्रा दिल्ली से 15 जुलाई को, बंबई (मुंबई) से 16 जुलाई को और नैरोबी से 17 जुलाई को मॉरिशस के लिए रवाना हुई ।

64. नैरोबी का नेशनल पार्क कैसा है?

**जवाब :** नैरोबी का नेशनल पार्क चिड़ियाघर नहीं है। शहर से बाहर बहुत बड़ा जंगल है, जिसमें घास अधिक, पेड़ बहुत कम हैं, लेकिन जंगल में सभी जगह अच्छी सड़कें बिछी हुई हैं।

----- -----

Student Bro

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in